# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

## (मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग)

(निबंधित कार्यालयः–विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

**Contact No:7763817975, 7763818077, email-dgmhr1015.bsptcl@gmail.com, website-www.bsptcl.in**

**TIN VAT No-10011257007, TIN CST No-10011146136, CIN-U40102 BR 2012 SGC 018889**

पत्रांक–BSPTCL-V/IR/1704/2016 3639 पटना,दिनांकः– 03/10/18

प्रेषक,

आर० एन० लाल,
महाप्रबंधक (मा० सं० / प्रशा०)।

सेवा में,

महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता,
संचरण जोन, पटना / मुजफ्फरपुर / भागलपुर

विषयः– प्रगतिशील विद्युतकर्मी संयुक्त संघर्ष मोर्चा, बिहार द्वारा दिनांक–04.10.2018 के सुबह 6.00 बजे अनिश्चित कालीन हड़ताल आह्वान के मद्देनजर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रगतिशील विद्युतकर्मी संयुक्त संघर्ष मोर्चा, बिहार द्वारा दिनांक–04.10.2018 के सुबह 6.00 बजे अनिश्चितकालीन हड़ताल आह्वान के मद्देनजर बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लि०, में कार्यरत सभी कार्यकारी एजेन्सियों / वेन्डरों / संवेदकों से उनके संगठन / कम्पनी में कार्यरत वैसे कर्मी एवं अभियंता, जो ग्रिड सह स्टेशनों तथा ट्रांसमिशन लाईन / टावरों को संचालित करने तथा उनके अनुरक्षण कार्य में सक्षम हो की सूची अविलम्ब प्राप्त कर ली जाय तथा उन्हें आपातकाल में कार्य करने हेतु तैयार रहने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाए।

2. हड़ताल अवधि के दौरान सुपर क्रिटीकल ग्रिड उपकेन्द्रों को चिन्हित करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल रखने हेतु विशेष व्यवस्था की जाय।

3. ऐसे सभी संवेदनशील ग्रिड उपकेन्द्रों एवं संचरण लाईनों को भी चिन्हित कर लिया जाय जहाँ हड़ताल कर्मियों के द्वारा अधिक नुकसान पहुचाने की आशंका हो, इसके लिए संबंधित विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं विद्युत अधीक्षण अभियंताओं को अपने अधिनस्थ ग्रिड उपकेन्द्रों का आज ही भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया जाए।

4. ग्रिड उपकेन्द्रों में अनाधिकार प्रवेश वर्जीत कर दिया जाए।

5. सभी अधिनस्थ विद्युत कार्यपालक अभियंताओं को ग्रिड उपकेन्द्र एवं संचरण लाईनों की सुरक्षा हेतु संबंधित जिलाधिकारी एवं जिला पुलिस अधिक्षक से समन्वय स्थापित करने हेतु निदेशित किया जए।

6. ग्रिड उपकेन्द्रों अथवा संचरण लाईनों में यदि तोड़–फोड़ की घटना होती है, तो तुरनत संबंधित थाने में एफ० आइ० आर० दर्ज करने हेतु निदेशित किया जाए।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

ह० / –
(आर० एन० लाल)
महाप्रबंधक (मा० सं० / प्रशा०)

ज्ञापांकः– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि–सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण प्रमण्डल/अभिचालन एवं परीक्षण प्रमण्डल/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता, ग्रिड उपकेन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(आर0 एन0 लाल)

महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)

ज्ञापांकः– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/वरीय आप्त सचिव/निदेशक (प्रशासन) के वरीय आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लि0/प्रबंधक निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(आर0 एन0 लाल)

महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)